# मैं हूँ महाबाहु ब्रह्मपुत्र

## TEXTUAL QUESTIONS AND ANSWERS

---

**1. (क) ब्रह्मपुत्र अतं में अपने को किस खाड़ी में सौंप देता है ?**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र अंत में अपने को बंगाल की खाड़ी में सौंप देता है।

**(ख) पुराणों के अनुसार ब्रह्मपुत्र की माँ कौन है ?**

**उत्तर :-** पुराणों के अनुसार ब्रह्मपुत्र की माँ अमोघा है।

**(ग) पुराणों के अनुसाक ब्रह्मपुत्र के पिता कौन है ?**

**उत्तर :-** पुराणों के अनुसार ब्रह्मपुत्र के पिता ब्रह्मा है।

**(घ) मिश्मी लोग ब्रह्मपुत्र को किस नाम से पुकारते हैं ?**

**उत्तर :-** मिश्मी लोग ब्रह्मपुत्र को लुइत नाम से पुकारते हैं।

**(ङ) प्रमुख नदी-द्वीप माजुली किसकी गोद में बसा है ?**

**उत्तर :-** प्रमुख नदी द्वीप माजुली ब्रह्मपुत्र की गोद में बसा है।

**(च) नीलाचल पहाड़ी पर किसका मंदिर है ?**

**उत्तर :-** नीलाचल पहाड़ी पर कामाख्या मंदिर है।

**2. (क) ब्रह्मपुत्र के जन्म के साथ किन-किन का संबंध बताया जाता है ?**

**उत्तर :-** पुराणों के अनुसार ब्रह्मपुत्र के माता-पिता है- अमोघा और सृष्टिकर्ता ब्रह्मा। लेकिन भूगर्भ शास्त्र के विद्वान यह मानते हैं कि हिमालय से ब्रह्मपुत्र की उत्पत्ति हुई है।

**(ख) ब्रह्मपुत्र की सही उत्पत्ति कहाँ से हुई ?**

**उत्तर :-** हिमालय के कैलाश पर्वत के नीचे मानसरोवर के पास एक बड़ी . हिमानी (चेमा यूंगदंग ग्लेशियर) है। यह हिमानी मानसरोवर से १०० किमि की दूरी पर और पृथ्वी सतह से ५१०० मी. की ऊँचाई पर स्थित है। इसी की उत्पत्ति हुई है।

**(ग) ब्रह्मपुत्र के साथ दाहिनी तथा बाईं ओर से आकर मिलने वाली नदियों के नाम लिखो।**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र के साथ दाहिनी ओर से आकर मिलने वाली नदीयाँ हैं सुवनशिरी, जीयाभरली, धनशिरी, बरनदी, मानाह, सोणकोष, तिस्ता । ब्रह्मपुत्र के साथ बाई ओर से आकर मिलने वाली नदियाँ हैं बूढ़ी दिहिंग, दिसांग, दिखौ, झांझी, जिजिराम।

**(घ) बांगलादेश में जाकर मिलने के बाद ब्रह्मपुत्र को किन नामों से जाना जाता है ?**

**उत्तर :-** बांग्लादेश में जाकर मिलने के बाद ब्रह्मपुत्र को जमुना, पद्मा, मेघना आदि नामों से जाना जाता हैं।

**(ङ) बरसात के दिनों के ब्रह्मपुत्र का वर्णन करो।**

**उत्तर :-** बरसात के दिनों में ब्रह्मपुत्र के लहरों में काफी तेज बहाव होते है। उसके किनारों पर लगे वनों को लालची मनुष्यों ने नष्ट कर दिया है, फलस्वरुप ब्रह्मपुत्र की पेटी उथली हो गई है और इसी से बाढ़ होती है। बाढ़ के कारण उसके आस पास के गाँव और शहरों में पानी भर जाता है। और काफी धन जन की हानि होती है। इसके अलावा उसके पास में ब काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में भी बाढ़ के कारण कई पशुओं की मृत्यु होती है।

**(च) भूगर्भ शास्त्र के विद्वान ब्रह्मपुत्र की उत्पत्ति कहाँ से मानते हैं ?**

**उत्तर :-** भूगर्भ शास्त्र के विद्वान ब्रह्मपुत्र की उत्पत्ति हिमालय से मानते हैं। कैलाश पर्वत के नीचे मानसरोवर के पास एक बड़ी हिमानी (चेमा यूंगदंग ग्लेशियर) है। वहाँ से ब्रह्मपुत्र की उत्पत्ति हुई।

**(छ) ब्रह्मपुत्र जैसे जलमार्ग के जरिए कौन-कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध हुई है ?**

**उत्तर :-** भारत का अंतर्देशीय जलमार्ग सं २ ब्रह्मपुत्र ही है। ब्रह्मपुत्र के माध्यम से ही रेलगाड़ी की पटरियाँ, इंजन और डिब्बे इंलैंड से ऊपरी असम स्थित चाय बागानों तक पहुँचाकर रेलमार्ग का निर्माण कराया गया। इसके अलावा नॉर्थब्रुक द्वार ब्रह्मपुत्र के किनारे में ही बसा है। ऐसी बहुत सी सुविधाएँ उपलब्ध हुई है।

**(ज) ब्रह्मपुत्र के किनारे बसे प्रसिद्ध नगरों के नाम लिखो।**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र के किनारे बसे प्रसिद्द नगरों के नाम है- गुवाहाटी, शुवालकुछि, पलाशबारी, गोवालपाड़ा, धुबरी, तेजपुर, डिब्रुगढ़ आदि।

**3. आशय स्पष्ट करो :**

**(क) मैं असम की संस्कृति का पोषक हूँ।**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र असम की संस्कृति का पोषक है। संसार का प्रमुख नदी द्वीप माजुली ब्रह्मपुत्र में ही बसा है, जो वैष्णव सत्र संस्कृति का प्राणकेंद्र है।

पुराणो में वर्णित शोणितपुर (तेजपुर) ब्रह्मपुत्र के तट पर है। यहाँ ऊषा अनिरुद्ध का इतिहास लिखा गया था। ब्रह्मपुत्र पर ही बहादुर नाविक वंदना करके नाव लेकर मछलियाँ पकड़ते हैं और लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराते हैं। वास्तव में यह नद प्रजा का प्राण है, उनका सहचर और देवता भी बन जाता है। अशोक अष्टमी के दिन, जब गंगा नदी की पवित्रता ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है, ब्रह्मपुत्र में स्नान करना बहुत पवित्र माना जाता है।

**(ख) मैं सिर्फ एक नद या जल-प्रवाह नहीं हूँ। मैं अपने समाज का एक विनम्र सहायक और सखा भी हूँ।**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र नद प्राचीन काल से ही यातायात का महत्वपूर्ण साधन रहा है। जब वह बंगाल की खाड़ी से जुड़ जाता है, तब वह एक बड़ा नदीमार्ग तैयार करता है। भारत का अंतर्देशीय जलमार्ग सं० २ इनमें से एक ही। इसके माध्यम से रेलगाड़ी की पटरियाँ, इंजन और डिब्बे इंग्लैंड से ऊपरी असम स्थित चाय बागानों तक पहुँचाकर रेलमार्ग का निर्माण कराया गया। कोलकाता वायसराय लॉर्ड नॉर्थब्रुक ब्रह्मपुत्र के माध्यम से ही गुवाहाटी पहुँचे थे और नॉर्थब्रुक द्वार बना। ब्रह्मपुत्र मुख्य यातायात का साधन और पानी का स्रोत होने के कारण ही धुबरी, गोवालपाड़ा, पलाशबाड़ी, शुवालकुछि, गुवाहाटी, तेजपुर, डिब्रुगढ़ आदि प्रमुख स्थान इसके किनारे पर बसा है। अतः ब्रह्मपुत्र नद सिर्फ एक जलप्रवाह मात्र नहीं है, अपने समाज का सहायक और सखा भी है।

**4. सही उत्तर का चयन करो :**

**(क) ....नामक राष्ट्रीय उद्यान मेरा साथी है।**

(अ) मानस।

(आ) ओरां।

(इ) बुढ़ापहाड़।

(ई) काजीरंगा।

उत्तर : (ई) काजीरंगा।

**(ख) ने मुझे विषय बनाकर एक उपन्यास लिखा है।**

(अ) प्रेमचंद।

(आ) जयशंकर प्रसाद।

(इ) देवेंद्र सत्यार्थी।

(ई) डॉ० भूपेन हाजरिका।

**उत्तर :-** (इ) देवेंद्र सत्यार्थी।

**(ग) इस.... से मैं उग्र हो जाता हूँ।**

(अ) कमजोरी।

(आ) थकान।

(इ) व्यस्तता।

(ई) बोझ।

उत्तरः- (ई) बोझ।

**(घ) मेरे किनारों पर लगे वनों को ... मनुष्यों ने नष्ट कर दिया है।**

(अ) दुष्ट।

(आ) लोभी।

(इ) लालची।

(ई) मूर्ख।

**उत्तर :-** (इ) लालची।

**अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :**

**1. चीन के लोग ब्रह्मपुत्र को किस नाम से पुकारते हैं? इसका क्या अर्थ है।**

**उत्तर :-** साँ पो। इसका अर्थ है विशाल नदी।

**2. दलाई लामा का महल कहाँ है ?**

**उत्तर :-** तिब्बत के ल्हासा में।

**3. असम में ब्रह्मपुत्र नद किस दिशा की ओर बढ़ा है ?**

**उत्तर :-** पूर्व से पश्चिम की ओर।

**4. देवेंद्र सत्यार्थी ने ब्रह्मपुत्र को विषय बनाकर कौन सा उपन्यास है ?**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र ।

**5. डॉ भूपेन हाजरिका ने अपने गीत में 'महामिलनर तीर्थ' किसे कहा है ?**

**उत्तर :-** ब्रह्मपुत्र नद को ।

**6. ब्रह्मपुत्र में बाढ़ आने का मुख्य कारण क्या है ?**

**उत्तर :-** इसके किनारे पर लगे वनों को लालची मनुष्यों ने नष्ट कर दिया है, जिसके कारण ब्रह्मपुत्र का पेटी उथली हो गई है। इसलिए वह ज्यादा पानी नही ढो सकता और बाढ़ आती है।